Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 17 April 2024

Dainik Jagran Page - 02

गोवि में बनेगा आनलाइन परीक्षा केंद्र, खर्च होंगे चार करोड़

जासं, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के पीछे अर्द्धनिर्मित आनलाइन परीक्षा केंद्र के निर्माण के पूरा होने का रास्ता साफ हो गया है। पीएम उषा योजना के तहत मिलने वाले 100 करोड़ रुपये से ही इसे पूरा कराया जाएगा। इसके निर्माण में कुल चार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय में आनलाइन परीक्षा केंद्र के लिए करीब सात करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे। प्रशासनिक भवन के पीछे इस केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन बजट खत्म होने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कार्यभार संभालने के अगले दिन ही अर्द्धनिर्मित भवन का निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट मांगी थी। तब बताया गया था कि निर्माण कार्य पूर्ण होने में करीब चार करोड़ रुपये लगेंगे। अब पीएम उषा योजना में विश्वविद्यालय का चयन होने के बाद आनलाइन सेंटर के निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया है।

- 500 कंप्यूटर क्षमता का होगा केंद्र पीएम उषा की स्कीम से होगा निर्माण
- साफ हुआ अर्द्धनिर्मित आनलाइन परीक्षा केंद्र के निर्माण का रास्ता

योजना में विश्वविद्यालय का चयन होने के बाद आनलाइन सेंटर के निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया है।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि आनलाइन सेंटर कुल 500 कंप्यूटर क्षमता का होगा। इसमें साइबर लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी। आनलाइन एजुकेशन यहीं व्यवस्था भी यहीं यानी यहीं होगी।

कुलपति ने बताया कि इसमें परीक्षाएं आनलाइन कराने पर भी विचार किया जा रहा है। इंजीनियरिंग में कम छात्र हैं। इसे देखते हुए उनकी परीक्षाएं आनलाइन कराने की योजना बनाई जा रही है।

सभी को करनी होगी एक समान परीक्षा ड्यूटी, नहीं होगा भेदभाव

जासं, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में परीक्षाओं के दौरान किसी की लगातार ड्यूटी देने और किसी को ड्यूटी से मुक्त रखने को मामला मंगलवार को कुलपति तक पहुंचा। इस मामले की जानकारी मिलते ही कुलपति ने नाराजगी जताई। कहा कि नियम के दायरे में आने वाले सभी शिक्षकों को ड्यूटी करनी ही होगी। सभी शिक्षकों की परीक्षा ड्यूटी एक समान लगेगी। कुलपति ने इसे लेकर जिम्मेदारी को निर्धारित भी किया। निर्देश मिलते ही बाद शिक्षकों की ड्यूटी की नई सूची तैयार की जाने लगी।

विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने के बाद 24 अप्रैल तक के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लिस्ट जारी की गई थी। ड्यूटी लिस्ट छाटरूपए पर अगले ही दिन से वायरल होने लगी थी। उसमें आरोप लगाया गया था कि नियम को दरकिनार कर कई शिक्षकों को परीक्षा ड्यूटी से छूट दे दी गई है। जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें किसी की बहुत कम तो किसी की बहुत अधिक और लगातार लगाई गई है। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने मामले का संज्ञान लेते हुए सूची तैयार करने वाले जिम्मेदारों को फटकार लगाई।

इन्हें है परीक्षा ड्यूटी से छूट : विश्वविद्यालय की परीक्षा के दौरान सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों की परीक्षा ड्यूटी नहीं लगाई जाती। इसका अलावा निर्माता मंडल के सदस्यों की ड्यूटी भी नहीं लगाई जाती क्योंकि उनकी ड्यूटी प्रशासनिक कार्यों के लिए लगाई जाती है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी शिक्षक को दी गई ड्यूटी परिस्थिति में भी उन्हें परीक्षा ड्यूटी से छूट मिलती है।

उसके बाद बुधवार को रामनवमी की छुट्टी को देखते हुए कई शिक्षकों ने सोमवार-मंगलवार को आकस्मिक अवकाश ले लिया था। कई कक्ष निरीक्षक सुबह की पाली में देर से परीक्षा कराने पहुंचे।

उसके चलते आधे घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया।

वह रही कक्ष निरीक्षकों की कमी की वजह : पड़ताल में कक्ष निरीक्षकों की कमी की वजह आकस्मिक छुट्टी सामने आई। रविवार और

के कारण प्रति 20 छात्र-छात्राओं पर एक कक्ष निरीक्षक होना चाहिए था। यानी करीब डेढ़ सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगनी चाहिए थी, लेकिन इतने शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई गई थी। इसके अलावा जिनकी ड्यूटी लगी भी थी, उनमें से बड़ी संख्या में शिक्षक अलग-अलग कारणों से नहीं पहुंचे। कई कक्ष में एक निरीक्षक के किसी तरह ड्यूटी संपन्न कराई।

दीक्षा भवन स्थित केंद्र पर सुबह की पाली में कुल आठ कक्ष में आधे घंटे की देरी से परीक्षा शुरू हो सकी। इसे लेकर वहां अफरातफरी का माहौल बना रहा। हालांकि छात्र-छात्राओं को बाद में आधे घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया।

कई शिक्षक सीएल पर : बताते हैं कि रविवार और उसके बाद बुधवार को रामनवमी की छुट्टी को देखते हुए कई शिक्षकों ने सोमवार-मंगलवार को सीएल ले लिया था। कई कक्ष निरीक्षक सुबह की पाली में देर से परीक्षा कराने पहुंचे।

स्थापना दिवस समारोह का होगा भव्य आयोजन : प्रो. पूनम टंडन

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आगामी एक मई को होने वाले स्थापना दिवस समारोह के भव्य आयोजन को लेकर कुलपति प्रो.पूनम टंडन की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षा बैठक हुई। कुलपति ने कहा कि समारोह के कुशल आयोजन के लिए शीघ्र ही समितियां गठित कर ली जाएंगी। इसमें नए शिक्षकों को भी शामिल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित किए जाने की योजना है। समारोह में संबद्ध महाविद्यालयों का योगदान भी सुनिश्चित होगा। परिसर में महाविद्यालयों की होर्डिंग तथा बैनर लगाए जाएंगे और प्रबंधकों को आमंत्रित किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इनोवेशन कैंपस का भी शुभारंभ हो रहा है। इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बैठक में कुलसचिव प्रो.शांतनु रस्तोगी, प्रो.उमेश नाथ त्रिपाठी, प्रो.नंदिता सिंह, प्रो.अजय सिंह, प्रो.अजय शुक्ल, प्रो. विनय कुमार सिंह, प्रो.दिग्विजय मौर्य, प्रो.निखिलकांत शुक्ल, वित्त अधिकारी संत प्रकाश सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा.कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे। (विज्ञप्ति)

एमएससी एजी परीक्षा की संशोधित समय सारिणी जारी

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रही सम सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान एमएससी एजी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की समय सारिणी बदल दी गई है। संशोधित सारिणी जारी ह गई है। परीक्षा नियंत्रक डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि एमएससी एग्रीकल्चर चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी एग्रीकल्चर जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, द्वितीय सेमेस्टर की संशोधित सारिणी वेबसाइट पर अपलोड है।

Amar Ujala Page - 05, 07

चार करोड़ से पूरा होगा ऑनलाइन परीक्षा केंद्र का निर्माण, बढ़ेगी आय

डीडीयू : पीएम-उषा योजना के तहत मिलने वाले 100 करोड़ की राशि में से होगा कार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के पीछे स्थित अर्धनिर्मित ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। पीएम उषा योजना के तहत मिलने वाले 100 करोड़ रुपये से इसे पूरा कराया जाएगा।

डीडीयू में ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के लिए करीब सात करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे। प्रशासनिक भवन के पीछे इस केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हुआ। लेकिन बजट खत्म होने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कार्यभार संभालने के अगले दिन ही अर्धनिर्मित भवन का निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट मांगी थी। तब बताया गया था कि निर्माण कार्य पूर्ण होने में करीब चार करोड़ रुपये लगेंगे। अब पीएम उषा योजना में विश्वविद्यालय का चयन होने के बाद ऑनलाइन सेंटर के निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया है।

विश्वविद्यालय का बढ़ेगा आय का स्रोत : कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि ऑनलाइन सेंटर कुल 500 कम्प्यूटर क्षमता का होगा। इसमें साइबर लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी। ऑनलाइन एजुकेशन की व्यवस्था भी यहीं की जाएगी। इससे आय का एक नियमित स्रोत भी बनेगा।

500 कंप्यूटर क्षमता का होगा ऑनलाइन केंद्र, अन्य सुविधाएं भी

एमएससी एजी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की समय सारिणी संशोधित

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रही सम सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान एमएससी एजी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की समय सारिणी में बदलाव किया गया है। संशोधित समय सारिणी जारी कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से एमएससी एजी की परीक्षा की समय सारिणी संशोधित की गई है। संपादक

परीक्षाएं ऑनलाइन कराने पर भी विचार : कुलपति ने बताया कि इसमें परीक्षाएं ऑनलाइन कराने पर भी विचार किया जा रहा है। इंजीनियरिंग में कम छात्र हैं। इसे देखते हुए उनकी परीक्षाएं ऑनलाइन कराने की योजना बनाई जा रही है।

डीडीयू : दीक्षा भवन में आधे घंटे देर से शुरू हुई परीक्षा, परीक्षार्थी परेशान

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में परीक्षा के दौरान मंगलवार को सुबह की पाली में बड़ी अव्यवस्था दिखी। कक्ष निरीक्षकों के ड्यूटी पर नहीं पहुंचने के कारण कई कक्षों में जैसे-तैसे परीक्षा संपन्न कराई गई। कक्ष निरीक्षकों की कमी के कारण आठ कमरों में आधे घंटे की देरी से परीक्षा शुरू हुई।

बताते हैं कि डीडीयू में सुबह की पाली में करीब 2900 विद्यार्थी पंजीकृत थे। अलग-अलग दर्जन भर से अधिक विषयों की परीक्षा होने के कारण प्रति 20 छात्र-छात्राओं पर एक कक्ष निरीक्षक होना चाहिए था। यानी करीब डेढ़ सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगनी चाहिए थी। लेकिन इतने शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई गई थी। इसके अलावा जिनकी ड्यूटी लगी भी थी, उनमें से बड़ी संख्या में शिक्षक अलग-अलग कारणों से नहीं पहुंचे। कई कक्ष में एक निरीक्षक ने किसी तरह ड्यूटी संपन्न कराई।

दीक्षा भवन स्थित केंद्र पर सुबह की पाली में कुल आठ कक्ष में आधे घंटे की देरी से परीक्षा शुरू हो सकी। इसे लेकर वहां अफरातफरी का माहौल बना रहा। हालांकि छात्र-छात्राओं को बाद में आधे घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया।

कई शिक्षक सीएल पर : बताते हैं कि रविवार और उसके बाद बुधवार को रामनवमी की छुट्टी को देखते हुए कई शिक्षकों ने सोमवार-मंगलवार को सीएल ले लिया था। कई कक्ष निरीक्षक सुबह की पाली में देर से परीक्षा कराने पहुंचे।

कक्ष निरीक्षकों के समय से नहीं पहुंचने से हुई अव्यवस्था

कुलपति ने जताई नाराजगी

कुलपति प्रो. पूनम टंडन के संज्ञान में यह मामला आने के बाद उन्होंने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक समय से परीक्षा ड्यूटी में उपस्थिति सुनिश्चित करें। परीक्षा के दौरान किसी तरह की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

Inext Page -

स्थापना दिवस समारोह का होगा भव्य आयोजन

GORAKHPUR (16 April): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आगामी एक मई को होने वाले स्थापना दिवस समारोह के भव्य आयोजन को लेकर कुलपति प्रो.पूनम टंडन की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षा बैठक हुई. कुलपति ने कहा कि समारोह के कुशल आयोजन के लिए शीघ्र ही समितियां गठित कर ली जाएंगी. इसमें नए शिक्षकों को भी शामिल किया जाएगा. उन्होने बताया कि विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित किए जाने की योजना है. समारोह में संबद्ध महाविद्यालयों का योगदान भी सुनिश्चित किया जाएगा. विश्वविद्यालय परिसर में महाविद्यालयों की होर्डिंग तथा बैनर लगाए जाएंगे और प्रबंधकों को आमंत्रित किया जाएगा. कुलपति ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इनोवेशन कैंपस का भी शुभारंभ किया जा रहा है. इसके माध्यम से विद्यार्थियों का कौशल विकास होगा. इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. बैठक में कुलसचिव प्रो.शांतनु रस्तोगी, प्रो.उमेश आदि मौजूद रहे.

एमएससी एजी परीक्षा की संशोधित समय सारिणी जारी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (16 April): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रही सम सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान एमएससी एजी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की समय सारिणी में बदलाव किया गया है. संशोधित समय सारिणी जारी कर दी गई है.

परीक्षा नियंत्रक डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से एमएससी एजी की परीक्षा की समय सारिणी संशोधित की गई है. एमएससी एग्रीकल्चर चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी एग्रीकल्चर जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, द्वितीय सेमेस्टर की संशोधित समय सारिणी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है. इन पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी संशोधित समय सारिणी के अनुसार परीक्षाओं में उपस्थित हों.

Rashtriya Sahara Page - 04, 07

विवि में सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम पहली से

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि सोशल वेलफेयर एंड डेवलपमेंट सोसाइटी फॉर एम्पावर्ड सोसाइटी (एसडब्ल्यूडीईएस) तथा इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के साथ साझेदारी में सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम की शुरुआत कर रहा है। यह कार्यक्रम 01 मई से प्रारंभ होगा।

स्वदेश के डा. राजीव निगम और डा.तितिन लंबर ने कुलपति प्रो. पूनम टंडन के भेंट कर कार्यक्रम के कार्यान्वयन प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. उमेश यादव, विभागाध्यक्षों और संकाय सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन 1 मई को विवि के स्थापना दिवस के दिन होना तय किया गया है।

- एसडब्ल्यूडीईएस व ईएसएससीआई करेगा सहयोग
- स्वदेश ने छात्रों को पाठ्यक्रम से कराया परिचित

पंजीकरण प्रक्रिया आज से शुरू : बुधवार से ही विवि में सैमसंग इनोवेशन कैंपस के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गयी है। स्वदेश के अधिकारियों ने छात्रों को कार्यक्रम और इसके पाठ्यक्रमों से परिचित कराने के लिए उनके साथ एक अभिविन्यास सत्र आयोजित किया।

यह प्रोग्राम छात्रों में नवाचार बढ़ाएगा: कुलपति प्रो.पूनम टंडन ने कहा कि हम विश्वविद्यालय में सैमसंग इनोवेशन कैंपस प्रोग्राम शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह हमारे छात्रों को भविष्य के लिए उपयुक्त कौशल और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगा। यह पहल नवाचार को बढ़ावा देने और हमारे युवाओं को कल की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी।

विवि स्थापना दिवस को भव्य बनाने की तैयारी शुरू

गोरखपुर(एसएनबी)। गोविवि का स्थापना दिवस समारोह भव्य रूप से 01 मई को मनाया जायेगा। समारोह की तैयारियां विश्वविद्यालय में शुरू कर दी हैं। इस सम्बन्ध में बुधवार को बैठक आयोजित कर स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर रूपरेखा बनायी गयी तथा विचार-विमर्श किया गया। विश्वविद्यालय में आगामी 01 मई को प्रस्तावित स्थापना दिवस समारोह के कुशल आयोजन के लिए कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे इस वृहद समारोह के कुशल आयोजन के लिए शीघ्र ही समितियां गठित कर ली जाएंगी, जिसमें नए शिक्षकों को भी शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित किए जाने की योजना है। साथ ही स्थापना दिवस समारोह में संबद्ध महाविद्यालयों का योगदान सुनिश्चित किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में महाविद्यालयों के होर्डिंग तथा बैनर लगाए जाएंगे और प्रबंधक गण को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

विदेशी छात्रों को आकर्षित करने को डीडीयू दूतावासों की ले रहा मदद

गोरखपुर(एसएनबी)। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय दूतावासों की मदद ले रहा है। विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रवेश विवरणिका वैश्विक स्तर पर दूतावासों को साझा की है।

गोरखपुर विश्वविद्यालय ने विगत दिनों में एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपने स्थान को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। डीडीयू ने भारतीय उच्चायोग और सभी राष्ट्रमंडल सदस्य राज्यों के वाणिज्य दूतावासों के साथ-साथ अफ्रीकी देशों, मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया और कैरिबियन में भारतीय दूतावासों/वाणिज्य दूतावासों को अपनी प्रवेश विवरणिका वितरित किया है। इसके साथ ही प्रवेश विवरणिका को सभी सदस्य देशों में प्रसारित करने के आश्वासन के साथ लंदन स्थित राष्ट्रमंडल देशों के संगठन के महासचिव के कार्यालय के साथ भी साझा किया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान के साहेयर विश्वविद्यालयों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। **कोशिश है कि अंतरराष्ट्रीय छात्र भी यहां लें प्रवेश : कुलपति-** इस पहल का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों को गोरखपुर विश्वविद्यालय की समृद्ध शैक्षिक विरासत से अवगत कराते हुए उन्हें यहां शिक्षा ग्रहण करने को आमंत्रित करना है। वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में गोविवि, की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है।

Hindustan Page - 04, 05, 07

भव्य होगा स्थापना दिवस समारोह: प्रो. पूनम टंडन

डीडीयू

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू में आगामी 1 मई को होने वाले स्थापना दिवस समारोह के भव्य आयोजन को लेकर कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर आयोजित हो रहे इस वृहद समारोह के कुशल आयोजन के लिए शीघ्र ही समितियां गठित कर ली जाएंगी। इसमें नए शिक्षकों को भी शामिल किया जाएगा। विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित किए जाने की योजना है। समारोह में संबद्ध महाविद्यालयों का योगदान भी सुनिश्चित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय परिसर में महाविद्यालयों के होर्डिंग तथा बैनर लगाए जाएंगे और प्रबंधकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इनोवेशन कैंपस का भी शुभारंभ किया जा रहा है। आज से इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

परीक्षा की समय सारिणी में बदलाव

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रही सम सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान एमएससी एजी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की समय सारिणी में बदलाव किया गया है। संशोधित समय सारिणी जारी कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से एमएससी एजी की परीक्षा की समय सारिणी संशोधित की गई है।

एमएससी एग्रीकल्चर चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी एग्रीकल्चर जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, द्वितीय सेमेस्टर की संशोधित समय सारिणी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

4 करोड़ से पूरा होगा परीक्षा केंद्र का निर्माण

गोरखपुर। डीडीयू के प्रशासनिक भवन के पीछे स्थित अर्धनिर्मित ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के पूर्ण निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। पीएम उषा योजना के तहत मिलने वाली रकम से इसे पूरा कराया जाएगा। डीडीयू में ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के लिए करीब सात करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे। प्रशासनिक भवन के पीछे इस केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हुआ। लेकिन बजट खत्म होने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने अर्धनिर्मित भवन का निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट मांगी थी। तब बताया गया था कि निर्माण कार्य पूर्ण करने में करीब चार करोड़ रुपये और लगेंगे। अब पीएम उषा योजना में विश्वविद्यालय का चयन होने के बाद ऑनलाइन सेंटर के निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया है।

Amar Ujala Select Page - 04

चार करोड़ रुपये से पूरा होगा ऑनलाइन परीक्षा केंद्र का निर्माण

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के पीछे स्थित अर्धनिर्मित ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के पूर्ण निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। पीएम उषा योजना के तहत मिलने वाले 100 करोड़ रुपये से इसे पूरा कराया जाएगा।

डीडीयू में ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के लिए करीब सात करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे। प्रशासनिक भवन के पीछे इस केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हुआ। लेकिन बजट खत्म होने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कार्यभार संभालने के अगले दिन ही अर्धनिर्मित भवन का निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट मांगी थी। तब बताया गया था कि निर्माण कार्य पूर्ण होने में करीब चार करोड़ रुपये लगेंगे। अब पीएम उषा योजना में विश्वविद्यालय का चयन होने के बाद ऑनलाइन सेंटर के निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया है।

Swatantra Chetna Page - 02, 03, 05

वि.वि. ने प्रवेश विवरणिका को दूतावासों के साथ किया साझा

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन के मार्गदर्शन में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा अंतरर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रवेश विवरणिका वैश्विक स्तर पर साझा की गई है गोरखपुर विश्वविद्यालय ने विगत दिनों में एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपने स्थान को रेखांकित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। वेस्टर रैंकिंग के साथ विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के अवसरों की तलाश करने वाले दुनिया भर के छात्रों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपने आप को पेश कर रहा है। कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन के दूरदर्शी नेतृत्व में गोरखपुर विश्वविद्यालय ने भारतीय उच्चायोग और सभी राष्ट्रमंडल सदस्य राज्यों के वाणिज्य दूतावासों के साथ-साथ अफ्रीकी देशों, मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया और कैरिबियन में भारतीय दूतावासों/वाणिज्य दूतावासों को अपनी प्रवेश विवरणिका वितरित किया है। इसके साथ ही प्रवेश विवरणिका को सभी सदस्य देशों में प्रसारित करने के आश्वासन के साथ लंदन स्थित राष्ट्रमंडल देशों के संगठन के महासचिव के कार्यालय के साथ भी साझा किया गया है।

इस पहल का उद्देश्य अंतरर्राष्ट्रीय छात्रों को गोरखपुर विश्वविद्यालय की समृद्ध शैक्षिक विरासत से अवगत कराना और उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए आमंत्रित करना है।

कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय का अंतरर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान के साहेयर विश्वविद्यालयों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है ताकि इच्छुक छात्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाया जा सके। गोरखपुर विश्वविद्यालय दुनिया भर के छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी शिक्षण अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता में रहु है, जिससे वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई है।

आज की सम सेमेस्टर प्रणाली की परीक्षाएं संपन्न

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में सेमेस्टर प्रणाली सत्र 2023-24 के अनन्तर्गत स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा सम सेमेस्टर की 15 अप्रैल से गठित परीक्षाओं के सन्दर्भ में विद्यार्थियों की सूचित किया जाता है की एम0एस-सी0 एग्रीकल्चर, चतुर्थ सेमेस्टर तथा एम0एस-सी0 एग्रीकल्चर जेनेटिक्स ऐन्ड प्लांट ब्रीडिंग, द्वितीय सेमेस्टर प्रोग्राम की संशोधित समय सारणी जारी की गई है।

इसके साथ ही बी0ओ0 डिप्लोमा, आपदा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबन्धन, द्वितीय सेमेस्टर की समय सारणी भी जारी की गई है।

पूर्व में 12 अप्रैल के क्रम में जारी समय सारणी में उपरोक्त प्रोग्राम की परीक्षाएँ संशोधित समय सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी।इस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों से कहा गया है कि वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी संशोधित समय सारणी के अनुसार परीक्षाओं में शामिल हो।

विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों ने सेमेस्टर प्रणाली सत्र 2023-24 के अनन्तर्गत स्नातक/ स्नातकोत्तर/डिप्लोमा प्रोग्राम की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार को सकुशल संपन्न हुईं। सेमेस्टर प्रणाली परीक्षाओं के लिए मंगलवार को विश्वविद्यालय तथा संबद्ध महाविद्यालय में 21,686 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें 988 अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय केंद्र पर पहली पाली में कुल 2060 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें 84 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। यहीं दूसरी पाली में 2804 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें 283 अनुपस्थित रहे।सेमेस्टर प्रणाली परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कुल 239 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं तथा इसमें कुल 2,70,037 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। विश्वविद्यालय केंद्र पर करीब 15706 विद्यार्थी सम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होंगे।

सैमसंग इनोवेशन कैंपस में युवाओं को मिलेगा रोजगार

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को सोशल वेलफेयर एंड डेवलपमेंट सोसाइटी फॉर एम्पावर्ड सोसाइटी एस.डब्लू.ए.डी.ई.एस तथा इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया ईएसएससीआई के साथ साझेदारी में सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम की शुरूआत कर रहा है।

आज स्वदेश के डॉ. राजीव निगम और डॉ. नितिन शंकर ने कुलपति प्रो. पूनम टंडन के भेंट कर कार्यक्रम के कार्यान्वयन प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. उमेश यादव, विभागाध्यक्षों और संकाय सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन 1 मई को गोरखपुर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के दिन होना तय किया गया है।

सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम युवाओं को रोजगार संभावनाओं को बढ़ाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा और कोडिंग तथा प्रोग्रामिंग जैसी नई तकनीकों में व्यावहारिक शिक्षा प्रान

16 अप्रैल से शुरू है पंजीकरण

गोरखपुर विश्वविद्यालय ने 16 अप्रैल से सैमसंग इनोवेशन कैंपस के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की है। संकाय के अधिकारियों ने छात्रों को कार्यक्रम और इसके पाठ्यक्रमों से परिचित कराने के लिए उनके साथ एक अभिविन्यास सत्र आयोजित किया।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा हम विश्वविद्यालय में सैमसंग इनोवेशन कैंपस प्रोग्राम शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह हमारे छात्रों को भविष्य के लिए उपयुक्त कौशल और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगा।

भव्य होगा स्थापना दिवस समारोह: कुलपति प्रो. पूनम टंडन

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आगामी 01 मई को प्रस्तावित स्थापना दिवस समारोह के कुशल आयोजन के लिए कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे इस वृहद समारोह के कुशल आयोजन के लिए शीघ्र ही समितियां गठित कर ली जाएंगी, जिसमें नए शिक्षकों को भी शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित किए जाने की योजना है। साथ ही स्थापना दिवस समारोह में संबद्ध महाविद्यालयों का योगदान सुनिश्चित किया जाएगा, विश्वविद्यालय परिसर में महाविद्यालयों के होर्डिंग तथा बैनर लगाए जाएंगे और प्रबंधक गण को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। अपनी बात को आगे बढ़ते हुए कुलपति ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इन्नोवेशन कैंपस का भी शुभारंभ किया जा रहा है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के स्किल का विकास होगा। आज से इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है।बैठक में कुलसचिव प्रो शांतनु रस्तोगी, प्रो उमेश नाथ त्रिपा